11.05.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे तनाव के बाद प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में हालात धीरे–धीरे सामान्य हो रहे हैं। बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, फलोदी, और हनुमानगढ़ समेत कई शहरों में बाजार खुले हुए हैं। रेलवे ने भी रद्द की गई 16 ट्रेनों को फिर से चलाने का आदेश जारी किया है, जबकि 11 ट्रेनों को आंशिक रूप से बहाल किया गया है। ये सभी ट्रेनें अपने–अपने निर्धारित स्टेशनों से तय तारीखों को चलेंगी। इस बीच, भारतीय सशस्त्र बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है। आम नागरिकों से भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की गई है।

000

पंजाब ने सैन्य जरूरतों के लिए राजस्थान को अतिरिक्त पानी देने का फैसला किया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक बयान में कहा है कि राजस्थान की मांग पर देश की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए सीमा पर तैनात सेना के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ दिया गया है।

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि युद्ध के कई गेमिंग वीडियो हाल के भारत–पाकिस्तान संघर्ष के वास्तविक फुटेज के रूप में प्रसारित किए जा रहे हैं। लोगों को ऐसे प्रोपेगंडा से बचने की सलाह दी गई है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चैक इकाई ने कहा है कि सोशल मीडिया पर ऐसे गेमिंग वीडियो बड़ी संख्या में दिखाये जा रहे है।

रक्षा मंत्री के कार्यालय के नाम से व्हाट्सएप पर ऐसा संदेश भी प्रसारित हो रहा है जिसमें भारत पाकिस्तान संघर्ष की स्थिति के मद्देनजर नागरिक तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि यह संदेश फर्जी है और सरकार ने ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया है।

इस संवेदनशील समय में प्रत्येक जानकारी की सावधानीपूर्वक जांच करना महत्वपूर्ण है। कोई भी संदिग्ध सामग्री विशेष रूप से भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित या मौजूदा स्थिति से संबंधित किसी भी जानकारी की सूचना पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट को देनी चाहिए। ऐसी सामग्री व्हाट्सएप नंबर 8799711259 और ईमेल आईडी – फैक्ट चैक एट पीआईबी डॉट जीओवी डॉट आईएन पर भी भेजी जा सकती है।

000

उधमपुर में वीरगति को प्राप्त हुए झुंझुनूं के मेहरादासी गांव निवासी वायुसेना में असिस्टेंट मेडिकल सार्जेंट सुरेंद्र कुमार की पार्थिव देह आज मंडावा पहुंची। उनके सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। पैतृक गांव में आज उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

000

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष 1998 में आज ही के दिन भारत ने जैसलमेर के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। यह दिन देश की प्रगति और विकास में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और मिसाइल मैन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के कुशल नेतृत्व में पोखरण में ये परमाणु परीक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्रों की श्रेणी में प्रतिष्ठित किया और देश की रक्षा क्षमताओं को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान की। आज के दिन भारत की तकनीकी विशेषज्ञता और देश के पहले स्वदेशी विमान हंसा–3 के प्रक्षेपण में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के

योगदान और छठे वैश्विक परमाणु परीक्षण को याद किया जाता है। इस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश उन वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों को नमन करता है, जो देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नई तकनीक विकसित करके योगदान देते हैं।

000

दुनियाभर में आज मातृ दिवस मनाया जा रहा है। यह माताओं के प्रेम, देखभाल और त्यााग के लिए आभार व्यक्त करने का समय है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मातृ दिवस के पावन अवसर माँ और माटी को नमन अभियान के तहत माताओं के सम्मान में मातृभूमि की सेवा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सभी अधिकाधिक वृक्षारोपण कर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने, पशु–पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपना दायित्व निभाने का प्रण लें।

000

प्रदेश में सक्रिय पश्चिम विक्षोभ के असर से विभिन्न स्थानों पर आंधी–बारिश का दौर जारी है। अधिकतर जगहों पर दिन का तापमान 36 डिग्री के आस–पास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 40 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया।

000